# कपड़ा क्षेत्र को आसान कर्ज मिलेगा

## तैयारी

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल

बैंकों की तरफ से टेक्सटाइल क्षेत्र को आ रही कर्ज की दिक्कतों को लेकर सरकार हरकत में आ गई है। आने वाले एक से दो महीनों में इस दिशा में नए दिशा निर्देश आ सकते हैं।

हिंदुस्तान को सूत्रों के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक टेक्सटाइल मंत्री पीयूष गोयल जल्द इस बारे में बैंकों के साथ बाचतीत करेंगे। साथ ही वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और सरकारी बैंक प्रमुखों की एक कमेटी बनाए जाने पर भी विचार चल रहा है।

इस समेटी को क्षेत्र की मुश्किलों को देखते हुए उपाय सुझाने का काम सौंपा जाएगा। दरअसल टेक्सटाइल क्षेत्र में लंबे समय से रही नीतिगत अस्थिरता को लेकर बैंकों की तरफ से इससे जुड़े कारोबारियों को बड़ा कर्ज देने में संकोच दिखाई देता रहा है।

हालांकि पिछले कुछ महीनों में सरकार की तरफ से एक के बाद एक कई योजनाएं खास तौर पर इसी क्षेत्र को लेकर शुरू की गई हैं। जिनमें एक्सपोर्टर्स को दी जाने वाली छूट का दायरा मार्च 2024 तक बढ़ाया जाना भी शामिल है। साथ ही पिछले हफ्ते ही इस क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित इंसेंटिव योजना का भी ऐलान किया है।